# बेतवांचल



नवभारत
भोपाल, मंगलवार 2 सितम्बर, 2025


# ऑपरेशन से पहले ही मरीज की मौत,मेडिकल कॉलेज में हंगामा

**खास बातें**

- 2 दिन से मेडिकल कॉलेज में था भर्ती बृजेन्द्र लोधी
- परिजनों ने किया हंगामा डॉक्टर और गार्डों पर लगाए मारपीट के आरोप
- जिला अस्पताल में हुआ पीएम, पूरे मामले की होगी जांच



**नवभारत न्यूज**


**विदिशा 1 सितम्बर,** सोमवार को मेडिकल कालेज में उस वक्त हंगामा हो गया जबकि इलाज के दौरान एक मरीज की मौत हो गई. परिजनों को आरोप है कि डाक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती है जिसके चलते उनके मरीज की मौत हुई है. वहीं परिजनों ने ने मेडिकल कालेज के स्टाफ और सुरक्षा गार्डों पर भी मारपीट का भी आरोप लगाया है. मेडिकल कालेज में हो रहे हंगामें की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया. ग्राम हिनोतिया निवासी 45 वर्षीय बृजेंद्र लोधी को हर्निया के ऑपरेशन के लिए दो दिन पहले मेडिकल कॉलेज में कराया था भर्ती. सोमवार को दोपहर के समय उनके हर्निया का ऑपरेशन कराया जाने की बात कही गई थी. इसी दौरान डॉक्टरों द्वारा उनकी मौत होने की जानकारी दी गई. परिजनों ने उन्हें देखना उनसे मिलने की बात कही, परिजनों ने बताया कि उन्हे रोका गया, डॉक्टरों और गार्ड ने है उनके साथ मारपीट कर दी.इस बीच दोनों पक्षों से हंगामा शुरू हो गया मेडिकल कॉलेज में तोड़फोड़ की बात भी कही गई परिजनों द्वारा डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है. मरीज की मौत होने के बाद भी उनसे मिलने नहीं दिया. मेडिकल कालेज डीन मनीष निगम का कहना मरीज हार्निया का गंभीर बीमार था, परिजनों को कल ही आपरेशन के लिए कहा था लेकिन परिजन नही माने, आज आपरेट करने से पहले ही मरीज की मौत हो गई, वही उन्होने कहा कि मारपीट को देखते हुए जांच कराएंगे, डाक्टर या गार्ड दोषी होगे तो कार्यवाही की जाएगी, वही इस मामले मे कोतवाली टीआई आंनद राज का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है परिजनो के बयान लेकर अलग से कारवाई की जाएगी.

### कॉलेज गेट के बाहर कांग्रेस का प्रदर्शन

इस मामले की जानकारी मिलते ही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परिजनों के समर्थन में पहुंचे और डॉक्टर और सुरक्षा कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज के गेट के बाहर जिला प्रशासन और मेडिकल प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की गई.

### सीसीटीवी कैमरों के फुटेज से होगा सच का खुलासा

मामले की जानकारी मिलते सीएसपी अतुल सिंह, एसडीएम क्षितिज शर्मा, कोतवाली थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मेडिकल कॉलेज पहुंचा और परिजनों को शांत करने की कोशिश की गई. परिजन डॉक्टर पर और सुरक्षा कर्मियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए थे. इसके बाद एसडीएम ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से बात की और मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए आरोप था कि डॉक्टर और सुरक्षा कर्मी द्वारा उनके साथ मारपीट की गई है. मामले को संज्ञान में लेते हुए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि इस मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा कार्रवाई की जाएगी. जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया. मेडिकल कॉलेज के सीसीटीवी कैमरे की वीडियो की जांच की जाएगी और जो भी दोषी होगा उसे पर कार्रवाई की जाएगी.



# मंदिर के पट बंद, उसके पहले हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 1 सितम्बर, साल भर में एक बार राधा अष्टमी पर नंदवाना स्थित प्राचीन मंदिर के पट खुले और हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने राधा रानी के दर्शन किये. दर्शनों का सिलसिला अगले दिन सोमवार को भी चला. राधाजी के भव्य जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और बड़ी संख्या होने से विदिशा में वर्षाने का सा नजारा देखने को मिला.** परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी राधिकाकुंज स्थित श्री राधा जी का मंदिर 24 घंटे के लिए भक्तों के दर्शनार्थ खोला गया. मंदिर खुलने के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और हजारों भक्तों ने पहुँचकर राधा रानी के दर्शन किए.रात्रि में शयन आरती एवं बधाइयाँ गाकर मंदिर के पट बंद किए गए, जो अब सीधे अगले वर्ष ही खुलेंगे.राधिकाकुंज सेवा मंडल का कहना है कि कई वर्षों बाद मंदिर परिसर में इतनी अधिक भीड़ देखने को मिली.पूरा मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया और चारों ओर भक्ति एवं श्रद्धा का अद्भुत वातावरण बना रहा.

## पुलिस के दो अधिकारी हुए सेवानिवृत्त

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में विदाई समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर एसपी रोहित काशवानी, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं सीएसपी सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक शशिमान सिंह भदौरिया और कार्यवाहक उप निरीक्षक बालिस्टर सिंह को शॉल, श्रीफल, सर्टिफिकेट एवं पुलिस मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया.

# राहुल सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें वरना किया जाएगा उग्र आंदोलन

### भाजपा ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** बीजेपी महिला मोर्चा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया. महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता जी के प्रति अपमानजनक बयान के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया. बड़ी संख्या में महिलाएं बीजेपी कार्यालय से रैली निकालकर माधवगंज चौराहे पहुंचीं, जहां राहुल गांधी का पुतला जलाकर विरोध जताया गया. इस दौरान माहौल में जमकर नारेबाज़ी हुई.वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा बिहार में कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक तौर पर उनका अपमान किया गया है इसलिए सार्वजनिक तौर पर माफी मांगना चाहिए.उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जल्द राहुल गांधी द्वारा माफी नहीं मांगी गई तो भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा. इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और महिला मोर्चा की महिलाएं मौजूद थीं. ज्योति सिद्धार्थ जैनजिला अध्यक्ष, हिंदू उत्सव समिति ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता हमेशा से महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने की रही है. राहुल गांधी ने हमारे प्रधानमंत्री की स्वर्गीय माताजी पर अपमानजनक टिप्पणी की है. इसकी हम घोर निंदा करते हैं. यदि मौका मिला तो बीच चौराहे पर उन्हें थप्पड़ भी मार सकते हैं. अरुणा माझी जिला अध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा महिलाओं का अपमान करते रहे हैं. यह बयान भी उसी मानसिकता का हिस्सा है. हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं.

# ईदगाह से कलेक्टर निवास तक अच्छी सड़क है, बाकी शहर गड्ढों में–गोयल

### विचार मंच के तले बेझिझक होकर रखे अपने विचार




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा**, रविवार शाम बजे से बड़ा बाजार चौराहे पर विदिशा विचार मंच के बैनर तले विदिशा के बदतर हालातो पर जनप्रतिनिधियों की भूमिका विषय को लेकर एक परिचर्चा आयोजित की गई जैसे चौराहे पर चर्चा शीर्षक दिया गया. इस परिचर्चा के आयोजक मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि ,विदिशा शहर के बदतर हालातों की जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ यहां के सांसद और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की है. वह 1991 से 2005 तक 5 बार सांसद , 2005 से 2023 तक 17 साल मुख्यमंत्री और आज वर्तमान में छठी बार विदिशा के सांसद हैं फिर भी विदिशा के नागरिकों को बदहाली का सामना करना पड़ रहा है. वर्तमान में शहर में भाजपा के जनप्रतिनिधियों में जो खींचतान है उसे भी शिवराज सिंह चाहे तो खत्म कर सकते हैं ,जिस कारण से विदिशा के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित है. इस परिचर्चा का संचालन करते हुए नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि, नगर पालिका अध्यक्ष और विधायक के बीच वर्चस्व की लड़ाई है जिसका खामियाजा विदिशा की जनता , पार्षद नगर पालिका के कर्मचारी और उठा रहे हैं और विकास कार्य ठप हैं. एडवोकेट विमल तरण ने कहा कि, विधायक की हठधर्मिता के कारण शहर में सड़के नहीं बन पा रही है, वो सीसी रोड बनवाना चाहते हैं जिसे दुकानों में पानी भरेगा. कांग्रेस नेता करतार सिंह ने कहा कि, विदिशा में विकास शहर के बाहर ढोल खेड़ी में हुआ है ,शहर की दुर्दशा के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधि जिम्मेदार है. कांग्रेस नेता सुजीत देवलिया ने कहा कि भाजपा ने विदिशा को बनाया नहीं मिटाया है. सड़कों के गड्ढों में बोर्ड लगाना चाहिए कहां कितना बड़ा गड्ढा है. कांग्रेस जिला प्रवक्ता अरुणअवस्थी ने कह कि विदिशा के जनप्रतिनिधियों में इच्छा शक्ति की कमी है. समाजसेवी सी एल गोयल ने कहा कि शहर में केवल ईदगाह से कलेक्टर निवास तक अच्छी सड़क है बाकी शहर गढ्डों में बदल गया है. सनातन हिंदू से समिति के पूर्व अध्यक्ष अतुल तिवारी ने कहा कि विधायक द्वारा 1700 करोड़ के विकास कार्यों का दावा किया जाता है तो फिर मोहन यादव मुख्यमंत्री के विदिशा आने पर 105 कामों की मांग का ज्ञापन क्यों दिया. व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने कहा कि, विदिशा में विकास कार्यों के रुकने से व्यापार प्रभावित हो रहा है. इसके अलावा परिचर्चा को मुख्य रूप से गोवर्धन साहू, राजेंद्र शर्मा अकाई,कमलेश सेन, सुभाष बोहत ,प्रदीप गुप्ता ,दिनेश विश्वकर्मा, रमेश रैकवार ,इस्माइल शाह, तौफीक अली,मनीष गौतम, नरेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा, उमेश कुमार त्रिपाठी ,अशोक कुमार शर्मा संदीप अमावते,आदि ने भी संबोधित किया.






## परम्परा और संस्कृति से जोड़ने का कार्य कर रहा ओलम्पस हाई– नपाध्यक्ष



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** ओलम्पस हाई विद्यालय में गणेश उत्सव के पांचवे दिन महा आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुईं और अलौकिक कार्यक्रम के सहभागी बने. कार्यक्रम में बच्चों द्वारा लंबोदर तू और मेरे भगवान आये हैं गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी. बप्पा मोरिया और हे विघ्नहर्ता गीत पर बच्चों द्वारा अदभुत नृत्य प्रस्तुत किया जिसे देख सभी मंत्रमुग्ध हो गए.
कार्यक्रम में गणपति आरती व बप्पा मोरिया के जयकारों से सम्पूर्ण पंडाल धर्मलाभ से जाग्रत हो उठा. अपने उद्बोधन में प्रीति शर्मा ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों और संस्कृति के मेल को सर्वोपरि बताते हुए विद्यालय परिवार की प्रशंसा भी की. अतिथियों द्वारा अभिभावकों ने जो थाली डेकोरेशन और रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया था उसके विजेता अभिभावकों को पुरस्कार वितरित किए. कार्यक्रम में संस्थापक यशपाल सिंह, स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी, अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी, प्राचार्य प्रियंका सिंह, केएन शर्मा, धर्मनारायण चतुर्वेदी, अभिभावक, बच्चे व स्टाफ आदि उपस्थित रहा.

## जिन इलाकों में आती है बाढ़ वहां पर दी बचाने की ट्रेनिंग

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र जतरापुरा, नोलाखी मोहल्ले में सोमवार को एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड विदिशा की टीम द्वारा एक एनजीओ के सहयोग से एक विशेष आपदा प्रबंधन एवं बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय रहवासियों को आपदा की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित रूप से प्रतिक्रिया देना सिखाना था. कार्यक्रम के दौरान टीम ने विशेष रूप से बाढ़ के समय उपयोगी बचाव तकनीकों, प्राथमिक उपचार, जीवन रक्षक उपायों एवं सुरक्षित निकासी से संबंधित जानकारी प्रदान की.

# बचपन प्ले स्कूल में हुआ भजन संध्या का आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,**बचपन प्ले स्कूल शास्त्री नगर में बचपन प्ले स्कूल एवं मां गायत्री देवी सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया. बचपन प्ले स्कूल में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं द्वारा भगवान श्री गणेश का उत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है. नन्हे मुन्ने बच्चे प्रत्येक दिन भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए नई-नई प्रस्तुतियां दे रहे हैं.इसी कड़ी में विद्यालय में भगवान श्री गणेश की आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया.इस भजन संध्या को हार्मनी ग्रुप के पंडित सुशील शर्मा एवं पंडित मधुसूदन पचोरी के भजनों के द्वारा सजाया गया.विद्यालय एवं कॉलोनी वासियों ने भजन संध्या का आनंद उठाया. विद्यालय की संचालिका श्रीमती अंजली श्रीवास्तव ने हार्मनी ग्रुप के सदस्यों एवं भजन संध्या में पधारे सभी कॉलोनी वासियों का आभार प्रकट किया.

# गांजे के आरोपियों को डेढ़–डेढ़ वर्ष का सश्रम कारावास

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** गांजे के अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार शर्मा ने डेढ़- डेढ़ वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई.अपर लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि दिनांक 9 मार्च 24 को थाना नटेरन में पदस्थ उप निरीक्षक रणवीर सिंह जाट को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि नगतरा के आगे मूडरा रोड पर पुलिया के पास दो व्यक्ति एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल लिए अपने पास एक सफेद थैले में गांजा लिए बेचने की फिराक में खड़े हैं. सूचना की तस्दीक और आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना नटेरन का पुलिस स्टाफ मुखबिर की बताएं स्थान पर पहुंचा जहां वाहन की रोशनी में देखा तो एक बिना नंबर की स्टार सिटी मोटर साइकिल खड़ी थी जिस पर एक व्यक्ति बैठा था और एक व्यक्ति सफेद रंग का प्लास्टिक का थैला लिए पास में खड़ा था. मोटरसाइकल की सीट पर बैठे व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जीवन दांगी निवासी कोलू खेड़ी थाना गुनगा जिला भोपाल तथा मोटरसाइकल के पास थैला लिए खड़े व्यक्ति ने अपना नाम कल्लू कुशवाहा निवासी करमेड़ी थाना शमशाबाद हाल निवासी बैरसिया जिला भोपाल का होना बताया था. जब उनकी तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान आरोपी कल्लू कुशवाह के पास प्लास्टिक के थेले में सफेद रंग की पॉलिथीन में हरे रंग की पत्तियां, डंठल, बीजयुक्त सूखा गांजा मिला था. जिसका वजन 1 किलो 100 ग्राम होना पाया. अपर लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह राठौर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों,साक्ष्य एवं तथ्यों से प्रकरण को प्रमाणित किया गया. न्यायालय ने अपर लोक अभियोजक राघवेंद्र सिंह राठौर से सहमत होते हुए आरोपीगण कल्लू कुशवाह और जीवन सिंह दांगी को डेढ़- डेढ़ वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 1000-1000 के अर्थदंड से दंडित किया.

**गोष्ठी** | प्रेरणा मंच ने आयोजित की गोष्ठी

# नदी लौट आई के लोकार्पण उपन्यास की योजना पर हुई चर्चा



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, सकारात्मक सोच के धनी प्रेरणा मंच की गोष्ठी डॉक्टर दीप्ति शुक्ला के सौजन्य से आयोजित की गई. गोष्ठी के आरंभ में डॉक्टर कमल चतुर्वेदी के दूसरे उपन्यास और नदी लौट आई के लोकार्पण की योजना पर चर्चा की गई.सुबह के एहसासों से भरी हुई यह गोष्ठी इतनी जीवंत और सार्थक रही और ऐसा महसूस हुआ कि मनुष्य के जीवन में कोई जटिलता नहीं है और चेतना पूरी तरह जागृत है.**

डॉक्टर श्रीमती कमल चतुर्वेदी ने कहा कि सुबह के सुखद पल हमारे जीवन में नई ऊर्जा लेकर आते हैं और सुबह की एक पहचान बनी रहती है.उन्होंने अपनी कविता आज की यह सुबह कुछ खास है,क्योंकि यह बारिश की भोर प्रीत का पहाड़ा रटने लगी है.भोर के मीठे एहसासों को रेखांकित करती हुई कुसुम तोमर ने अपनी रचना सुबह के नए एहसासों के अपने अनुभव सुनाए. संतोष नामदेव ने अपनी सुबह को समर्पित रचना के माध्यम से विचारों की शुद्धता और कर्म की प्रधानता को महत्व दिया। श्रीमती सुमन मंडोरिया ने हर सुबह प्रकृति की शुरुआत है, श्रीमती रितु देवलिया ने हर सुबह के भिन्न एहसासों को रेखांकित करती अपनी कविता सुनाई. डॉक्टर रेखा श्रीवास्तव ने खाली होते नीड़ कविता के माध्यम से घरों के सूने पन को व्यक्त किया. डॉक्टर रीता शर्मा ने हर सुबह के साथ नए संकल्पों पर जोर दिया.पंडित सुशील शर्मा ने नित्य प्रति नई ऊर्जा से कार्य करने की प्रेरणा देते हुए अपनी रचना नई सुबह नई शुरुआत प्रस्तुत की.श्रीमती छाया नामदेव ने अनसुलझी सुबह कविता के माध्यम से जीवन की जटिलताओं को व्यक्त किया.श्रीमती ज्योति जाधव ने सुबह जल्दी उठने की बात कही.श्रीमती माया सिंह ने सुबह को प्रकृति का वरदान बताते हुए प्रेरक प्रसंग सुनाया.श्रीमती जागृति अवस्थी ने उस सुबह को साकार किया जब भगवान राम को वनवास की ओर प्रस्थान करना था. श्रीमती शिखा शर्मा ने अपना मधुर गीत प्रस्तुत किया. इसी क्रम में डॉक्टर दीप्ति शुक्ला ने सुबह के सुखद एहसासों में प्रकृति जैसा पवित्र जीवन जीने की भावना को अभिव्यक्त करती अपनी सार्थक रचना प्रस्तुत की.आगामी आयोजनों की विस्तृत चर्चा के साथ ही सुबह की सुखद ऊर्जा से संपन्न यह गोष्ठी संपूर्ण हुई.